शुक्रवार
24 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



रामनवमी व रमजान के मद्देनजर बक्सर के 2000 लोगों पर पर होगी 107 की कार्रवाई 3



# मोदी सरनेम मानहानि केस में राहुल गांधी को दो साल की सजा, विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

♦ 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि सारे चोरों के नाम मोदी कैसे?

**एजेंसी/अहमदाबाद/सूरत**



मोदी सरनेम मानहानि केस में सूरत की कोर्ट ने राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए उन्हें 2 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सजा को 30 दिन के लिए सस्पेंड भी कर दिया है, ताकि वह ऊपरी अदालत में इसके खिलाफ अर्जी दे सकें। 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने मोदी सरनेम पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि सारे चोरों के नाम मोदी कैसे? सूरत की सीजेएम कोर्ट ने सुबह 11 बजे फैसला सुनाते हुए राहुल गांधी को दोषी करार दिया। इसके बाद कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि आप क्या कहना चाहते हैं तो राहुल गांधी ने कहा मैं तो हमेशा करप्शन के खिलाफ बोलता हूं। मैंने किसी के खिलाफ जानबूझकर नहीं बोला। इससे किसी को नुकसान नहीं हुआ। माना जा रहा है कि राहुल के वकील अब उनकी जमानत की अर्जी देंगे। कोर्ट ने साथ ही साथ राहुल को जमानत भी दे दी है। कोर्ट ने इसके अलावा सजा को 30 दिन के लिए सस्पेंड कर दिया है। राहुल गांधी इस सजा के खिलाफ उच्च अदालत में जा सकते हैं।



बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने गुरुवार को इनकम टैक्स चौराहा पर विरोध प्रदर्शन किया।

## क्या था पूरा मामला

2019 के लोकसभा चुनावों के प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में कहा था कि 'सारे चोरों के सरनेम मोदी कैसे हैं? राहुल गांधी के इस बयान के बाद सूरत के वेस्ट से बीजेपी के विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि का केस कर दिया था। उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी ने मोदी समुदाय का अपमान किया। इसके बाद यह केस सूरत की कोर्ट में पहुंचा था। राहुल गांधी को 9 जुलाई, 2020 को सूरत की कोर्ट में पेश होना पड़ा था। पिछले महीने पूर्णेश मोदी ने केस में जल्दी फैसला करने के लिए गुजरात हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने सूरत की कोर्ट से तेज सुनवाई का आदेश देते हुए ऊपरी अदालत में सुनवाई की अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद पिछले एक महीने से सूरत कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही थी।

## विपक्ष को परेशान कर रही मोदी सरकार : तेजस्वी

मानहानि केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मिली दो साल की सजा के मामले पर बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर डरी हुई है। यही कारण है वह राहुल गांधी सहित विपक्ष को अलग अलग तरीके से परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सभी विरोधी दलों को एकजुट रहने की जरूरत है। मोदी सरकार ने देश में अघोषित आपातकाल लागू कर रखा है। यही वजह है कि विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 2024 के चुनाव में जीत को लेकर कॉन्फिडेंट नही है। इसलिए वे विरोधी दलों के नेताओ पर कार्रवाई करवा रहे हैं। यह कोई पहला मौका नहीं है जब राहुल निशाने पर हों। इसके पहले भी कई अन्य विपक्षी दलों के नेताओं को इसी तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों के सहारे परेशान किया गया है। हाल ही में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव पर कार्रवाई हुई थी। अब राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहा है। यह विपक्ष के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाई को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी जिस तरह विपक्ष के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही ही इससे यह मालूम हो रहा है कि बीजेपी डरी हुई है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यही हाल रहा तो लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा।



नीतीश सरकार ने आमजन को दिया 440 वोल्ट का झटका

# बिहार में बिजली की दर में 24.10% की बढ़ोतरी

**केटी न्यूज/पटना**




**दो रुपए तक प्रति यूनिट महंगी हो जाएगी बिजली**

**बिजली कंपनी ने फिक्स्ड चार्ज भी कर दिया दोगुना**

**अब 100 यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले लोगों को 150 से 200 रुपए तक चुकाने होंगे ज्यादा**

गर्मी की शुरूआत में ही सरकार ने आमजन को 440 वोल्ट का झटका दे दिया है। गर्मियों में एक तरफ जहां बिजली की खपत ज्यादा होती है, तो वहीं ऐसे में बिजली पर महंगाई की मार पड़ी है। कई दिनों से जिस बिजली दर में बढ़ोतरी को लेकर मंथन चल रहा था, आखिरकार उसपर फैसला आ गया। बिहार मेंबिजली की दर में 24.10% की बढ़ोतरी कर दी गई है। इसके बाद बिजली 2 रुपए तक प्रति यूनिट महंगी हो जाएगी। अब 100 यूनिट तक बिजली यूज करने वाले कस्टमर को डेढ़ सौ से दो सौ रुपए ज्यादा चुकाने होंगे। फिक्स्ड चार्ज भी दोगुना कर दिया गया है।

**यह है नया रेट:** बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने गुरुवार को बिजली दर में बढ़ोतरी की घोषणा की है। बिजली कंपनी ने इसे 40% तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था। लेकिन आयोग ने सुनवाई के बाद 24.1 फीसदी की मंजूरी दी है। इसके बाद 100 यूनिट से ज्यादा बिजली का उपयोग करने वाले को 1.67 रुपए प्रति यूनिट ज्यादा देने होंगे। इसमें फिक्स्ड चार्ज जोड़ दिया जाए तो बढ़ोतरी प्रति यूनिट 2 रुपए से ज्यादा होगी। अभी तक यह दर 6.95 रुपए प्रति यूनिट था, जो बढ़कर अब 8.62 रुपए प्रति यूनिट हो जाएगा। हालांकि नया रेट सरकार की तरफ से दी जाने वाली सब्सिडी के आधार पर तय किया जाएगा। अभी सरकार प्रति यूनिट 1.83 रुपए सब्सिडी देती है।

**दो स्लैब में है बिजली दर:** बिजली दर बढ़ोतरी के साथ ही बिल में फिक्स्ड चार्ज में भी बढ़ोतरी की गई है। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि फिक्स्ड चार्ज में दोगुने से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। अब बिजली दरों में दो स्लैब होंगे। नए स्लैब के अनुसार 0 से 100 यूनिट तक बिजली की खपत पर फिलहाल 6.10 रुपए प्रति यूनिट लगता है। इसमें बढ़ोतरी के बाद अब 7.57 रुपए प्रति यूनिट देना होगा। 00 यूनिट से ज्यादा खपत पर पहले 6.95 रुपए प्रति यूनिट देना पड़ता था, लेकिन नए रेट के अनुसार 8.62 रुपए प्रति यूनिट देना होगा। आपको बता दें कि इस पर सरकार 1.83 रुपए प्रति यूनिट सब्सिडी देती है। अब अगर सरकार सब्सिडी बढ़ाती है, तो लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है। फिलहाल यह फैसला 1 अप्रैल से 31 मार्च 2024 तक लागू रहेगा। बताया गया है कि अब सरकार की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी के आधार पर प्रति यूनिट बिजली की दर तय होगी।

# बदलाव... सम्राट चौधरी बने बिहार बीजेपी के नये अध्यक्ष

**चार राज्यों में बदले गये भाजपा अध्यक्ष**

**एजेंसी/पटना**

भाजपा ने गुरुवार को पार्टी के भीतर बड़े बदलाव किए। चार राज्यों में भाजपा अध्यक्ष को बदला गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सम्राट चौधरी को बिहार बीजेपी का नया अध्यक्ष बनाया है। राजस्थान की कमान सीपी जोशी को सौंपी है। ओडिशा में मनमोहन सामल, दिल्ली में वीरेंद्र सचदेव प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। राजस्थान में इस साल यानी 2023 में विधानसभा चुनाव होना है। दिल्ली और बिहार में 2025 और ओडिशा में 2024 में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार में संजय जायसवाल की जगह सम्राट चौधरी को प्रदेश बीजेपी की कमान सौंपी गई है। सम्राट चौधरी अभी बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हैं और कुशवाहा समाज से आते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लव-कुश वोटबैंक पर चोट करने के लिए बीजेपी ने रणनीति के तहत उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। सम्राट चौधरी पिछली एनडीए सरकार में मंत्री रहे थे।

सम्राट पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के पुत्र हैं। शकुनी समता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं और कुशवाहा जाति के बड़े नेताओं में उनका नाम शुमार है। बीजेपी से पहले सम्राट चौधरी आरजेडी में थे। लालू यादव ने उन्हें कम उम्र में ही मंत्री बनाया था। बीजेपी में आने के बाद सम्राट का राजनीति कद तेजी से बढ़ा। बीजेपी ने उन्हें विधायक, एमएलसी, मंत्री, फिर नेता प्रतिपक्ष और अब प्रदेश अध्यक्ष बनाया है।



## क्या बोले सम्राट

सम्राट चौधरी ने कहा कि उनका पहला मकसद होगा कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान और बढ़े। कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ बीजेपी की सरकार बिहार में स्थापित हो इसकी चिंता करनी है। कमान संभालते ही सम्राट चौधरी महागठबंधन सरकार पर आक्रामक दिखे। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार ने 33 साल तक शासन कर जनता को धोखा देने का काम किया है। इसका हिसाब लेते हुए बिहार में बीजेपी एक अच्छी सरकार देगी इस पर हमें काम करना है।

**आगे बढ़ेगी पार्टी: मंगल पांडेय**

सम्राट चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बीजेपी नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे मंगल पांडेय ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने जो निर्णय लिया है वह उसका सम्मान करते हैं। मंगल पांडेय ने कहा कि उम्मीद है कि सम्राट चौधरी अच्छा काम करेंगे और उनके नेतृत्व में बिहार बीजेपी आगे बढ़ेगी।

## 12वीं के छात्र स्क्रूटनी के लिए करें आवेदन

**पटना।** बिहार बोर्ड 12वीं के जिन छात्र को अपने रिजल्ट से असंतुष्टि है वह अब स्क्रूटनी के लिए आवेदन कर सकते हैं। जो छात्र अपना बोर्ड का नंबर देखने के बाद संतुष्ट नहीं है, वे स्क्रूटनी के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह प्रोसेस 23 मार्च से शुरू होकर 29 मार्च 2023 तक चलेगा। स्क्रूटनी के लिए फॉर्म भरने की आखरी तारीख 29 मार्च है। रिजल्ट की स्क्रूटनी के लिए रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन ही किया जा सकता। इसके लिए छात्रों को बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट biharboardonline.bihar.gov.in. पर जा कर आवेदन कर सकते हैं। इसे लेकर बोर्ड ने नोटिस जारी करके जानकारी दी कि जो छात्र अपने रिजल्ट से खुश नही हैं वे स्क्रूटनी राउंड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1300 नए केस

**रहें सावधान... क्योंकि खतरा अभी टला नहीं है**

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कोरोना का खतरा अभी कम नहीं हुआ है। भारत में पिछले 24 घंटों में 1300 नए केस मिले हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है। अभी कोविड के 7600 एक्टिव पेशेंट हैं। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कोविड को लेकर अलर्ट जारी करते हुए कहा- दुनियाभर के कोरोना पेशेंट की संख्या का 1% भारत में हैं।

इधर एम्स के पूर्व डायरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया ने भी कोरोना के खतरे की आशंका जाहिर की है। उन्होंने कहा- देश में बदलते मौसम के कारण एक बार फिर कोविड और एच3एन2 के मरीजों की संख्या बढ़ सकती है। आंकड़े पेश करते हुए कहा स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि दुनिया में एक दिन में कोविड के औसतन 94 हजार केस सामने आ रहे हैं। जबकि भारत में एक दिन में औसतन 966 नए केस मिल रहे। राजेश भूषण के मुताबिक, फरवरी के दूसरे हफ्ते में रोजाना औसतन 108 मामले सामने आए थे, जो बढ़कर 966 हो गए। उन्होंने कहा कि अमेरिका से दुनिया के 19%, रूस से 12.6% और हमारे देश से दुनिया के 1% मामले आ रहे हैं।

राजीव कुमार झा
विश्वामित्र हॉस्पीटल
गोलम्बर,बक्सर
मो. : 9122950441



विश्वामित्र हॉस्पीटल
गोलम्बर, बक्सर
लेप्रोस्कोपिक एवं जेनरल सर्जरी
विश्वामित्र हॉस्पीटल
गोलम्बर बक्सर में डा. यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स, हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होगा। अतः अनुरोध है कि दूरबीन विधी द्वारा जरूरतमंद मरीजों को विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर स्थित भेजने में आप सब सहयोग करें।

**हड़ताल के दौरान बिजली कर्मियों के खिलाफ दर्ज किए गए मामले वापस नहीं जाने से हैं नाराज**

# उत्तर प्रदेश में फिर आंदोलन की तैयारी में हैं बिजली कर्मचारी

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में 4 दिन चली हड़ताल के बाद एक बार फिर बिजली कर्मी आंदोलन की तैयारी में हैं। कुछ दिन पहले ऊर्जा मंत्री से हुई बात के बाद भी बिजली कर्मियों के खिलाफ दर्ज किए गए मामले वापस नहीं लिए गए, जिसके कारण सूबे के बिजली कर्मियों ने शुक्रवार को लखनऊ में विशाल प्रदर्शन करने का एलान किया है।

बता दें कि बिजली कर्मचारियों की ओर से की गई 4 दिन की हड़ताल के बाद उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था चरमरा गई थी, साथ ही कई बड़े शहरों में बिजली ठप्प हो गई थी। लखनऊ में भी इस आंदोलन का असर देखने को मिला था, जिसके बाद मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री की दखल के बाद यह आंदोलन खत्म हुआ किया गया था।

## 24 मार्च को विशाल रैली

बिजली कर्मियों पर हड़ताल के दौरान कुछ एफआईआर और दूसरे मामले भी दर्ज किए गए थे। जिसके बाद राज्य कर्मचारी महासंघ, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद केंद्र और राज्य सरकार के श्रम संघों और ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों ने मिलकर एक फैसला लिया है। जिसमें कहा गया कि बिजली कर्मियों पर हड़ताल के दौरान की गई निष्कासन, निलंबन और दंडात्मक कार्यवाही, ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बाद भी वापस नहीं की जा रही है जोकि चिंता का विषय है। राज्य सरकार के विभागों, निगमों, निकायों और विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ ने बिजली कर्मियों के विरोध में 24 मार्च को राजधानी लखनऊ में रैली करने की घोषणा की है। उनके मुताबिक, बीएन सिंह के प्रतिमा स्थल सरोजनी नायडू पार्क में 12:00 बजे विशाल प्रदर्शन और रैली की जाएगी। संघ पदाधिकारियों ने कर्मियों पर से दंडात्मक कार्यवाही वापस न होने पर आंदोलन करने का भी फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि आगे क्या भूमिका रहेगी, इसकी घोषणा 24 मार्च को की जाएगी।

## निलंबन को लेकर मुख्यमंत्री से करेंगे अपील

इस मामले को लेकर श्रम संघ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी अपील की है। उन्होंने कहा कि वह तत्काल इसमें हस्तक्षेप करें, जिसमें ऊर्जा मंत्री ने दंडात्मक कार्यवाही वापस लेने हेतु ऊर्जा निगम के चेयरमैन को निर्देश दिए थे। हालांकि, इस मामले में ऐसा कुछ अब तक धरातल पर देखने को नहीं मिल रहा है। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री के निर्देशों के बाद भी श्रम संघों का आरोप है कि निगम बैक डेटिंग करके 18 मार्च की तारीख में बड़े पैमाने पर बिजली कर्मियों का निलंबन कर रहा है। साथ ही संविदा कर्मियों का निष्कासन किया जा रहा है। इस बैठक की अध्यक्षता पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने की। बिजली कर्मियों की 72 घंटे के हड़ताल के दौरान पूरे प्रदेश में बिजली संकट छा गया था। ऊर्जा मंत्री और बिजली कर्मचारी संघ के नेताओं के बीच कई दौर की वार्ता हुई, तब जाकर हड़ताल खत्म करने पर बात बनी। दरअसल, 72 घंटे हड़ताल के दौरान बिजली कर्मियों पर सरकार ने निलंबन, एफआइआर सहित कई अन्य कार्रवाई की थी. इनको वापस लेने की मांग को लेकर बिजलीकर्मी ये विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही भविष्य में किसी प्रकार का उत्पीड़न न करने और तीन दिसंबर को हुए समझौते को तत्काल लागू किए जाने को लेकर बिजलीकर्मी सीएम से मांग करेंगे।


जीयर स्वामी

ईश्वर द्वारा जो मिला हुआ है उसमें व्यक्ति को संतोष करना चाहिए।



## खबरें फटाफट

### सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जताई खुशी

**नावानगर।** बिहार विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी को भाजपा पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं में खुशी व्याप्त है। इसको लेकर गुरुवार को नावानगर बाजार में कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी निंव मजबूत होगी। वहीं, आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में पार्टी की स्थिति अधिक मजबूत होगी।

### सीपीआईएमएल ने मनाया शहादत दिवस

**केसठ।** देश को आजाद कराने में अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस गुरुवार को सीपीआईएमएल के प्रखंड कार्यालय में मनाया गया। इस दौरान शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। प्रखंड सचिव ललन प्रसाद ने कहा कि वे 23 साल की उम्र में ही महान क्रांतिकारियों ने देश के लिए फांसी पर चढ़ गए थे। भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के सम्मान में शहीद ए आजम कहलाते हैं। उनकी गाथा युगों युगों तक प्रेरित करेगी। कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान दर्जनों कामरेड मौजूद थे।

### स्टेशन से बाइक चोरी

**डुमरांव।** डुमरांव रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी एक बाइक पर उचक्कों ने हाथ साफ कर दिया। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कोई सुराग नहीं मिला तो पीड़ित डुमरांव के कमलनगर निवासी तेजनारायण पांडेय का पुत्र दीपक कुमार पांडेय ने डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह अपने रिश्तेदार का बाइक लेकर स्टेशन गया था। सीढ़ी के सामने रोड किनारे बाइक को खड़ा कर प्लेटफार्म पर चला गया। जब वापस लौटा तो बाइक नदारद थी।

# विश्व यक्ष्मा दिवस विशेष: यस! वी कैन एंड टीबी थीम पर संचालित होंगे कार्यक्रम

- सभी प्रखंडों में प्रभात फेरी सह विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा दिया जाएगा जागरूकता का संदेश
- मरीजों को सरकार द्वारा दी जाती है सहायता राशि

**केटी न्यूज/बक्सर**

हर वर्ष 24 मार्च को विश्व यक्ष्मा दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष के विश्व टीबी दिवस की थीम "यस! वी कैन एण्ड टीबी" चुना है। यह थीम सही अर्थों में तात्कालिकता को दशार्ता है और टीबी को खत्म करने के प्रयासों में निवेश करने की आवश्यकता का बोध कराता है। अधिक से अधिक टीबी रोगियों की पहचान एवं उनके इलाज में सभी का सहयोग टीबी उन्मूलन का मूलमंत्र है। टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में विभाग के कर्मियों के साथ-साथ आम लोगों की सहभागिता अति आवश्यक है। सिविल सर्जन सह जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया विश्व यक्ष्मा दिवस पर जिले के सभी प्रखण्डों पर प्रभात फेरी, रैली और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं जेलों में




टीबी से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। टीबी से जिले और देश को 2025 मुक्त बनाने के लिए नए टीबी रोगियों की खोज और उनके तुरंत उपचार को प्राथमिकता दी जा रही है। भारत सरकार का लक्ष्य है कि पूरे देश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाना है।

**गरीबी और कुपोषण टीबी के कारक:** डॉ. सिन्हा ने बताया टीबी को हराने के लिए सबसे पहले हमारे समाज को आगे आने की जरूरत है। वहीं गरीबी और कुपोषण टीबी के सबसे बड़े कारक हैं। इसके बाद अत्यधिक भीड़, कच्चे मकान, घर के अंदर प्रदूषित हवा, प्रवासी, डायबिटीज, एचआईवी, धूम्रपान भी टीबी के कारण होते हैं। टीबी मुक्त करने के लिए सक्रिय रोगियों की खोज, प्राइवेट चिकित्सकों की सहभागिता, मल्टीसेक्टरल रिस्पांस, टीबी की दवाओं के साथ वैसे समुदाय के बीच पहुंचाने की जरुरत है।

**निक्षय योजना का मिलता है लाभ:** निक्षय योजना के तहत प्रत्येक टीबी मरीज को पूरे इलाज के दौरान 500 रुपये दिए जाते हैं ताकि वह अपने पोषण की जरूरतों को पूरा कर सके। यह राशि सीधे टीबी मरीजों के बैंक खाते में जाती है जो कि बिल्कुल ही पारदर्शी व्यवस्था से गुजरता है। निक्षय मित्र योजना के तहत लोगों से अपील की जा रही है कि वह आगे आकर टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी पोषण की जरूरतों को पूरा करें और टीबी उन्मूलन अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

**प्राइवेट चिकित्सक को नए मरीज खोजने पर मिलेंगे 500 रुपए :** प्राइवेट और सरकारी चिकित्सक मिलकर टीबी रोगियों की खोज कर उसे सरकारी अस्पताल में इलाज एवं जांच के लिए प्रेरित करें।राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अनुसार भारत को टीबी मुक्त देश बनाना है। प्राइवेट डॉक्टरों से अपील करते हुए डॉ सिन्हा ने कहा कि वैसे मरीज जो उनके पास टीबी के इलाज के लिए आते हैं उन्हें यूएसडीटी, एचआईवी और ब्लड शुगर की जांच कराने सरकारी अस्पताल में जरूर भेजें। वहीं टीबी मरीजों की पहचान करने पर प्राइवेट चिकित्सकों को भी पांच सौ रुपए दिए जाते हैं।

## डीएम ने रामनवमी, चैती छठ एवं रमजान के अवसर पर सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की

# प्रशासन के द्वारा चयनित मार्ग पर निकलेगा जुलूस, लेना होगा लाइसेंस : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/गया**

रामनवमी, चैती छठ एवं रमजान के अवसर पर संप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम एवं वरीय एसपी आशीष भारती ने सभी एसडएम, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ और थानाध्यक्ष के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। जिलाधिकारी ने बताया कि रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन की ओर से लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। थोड़ी बहुत कुछ तैयारियां शेष बची हैं। उसमें मुख्य रूप से नगर निगम, आरसीडी, बिजली विभाग के स्तर के कार्य थोड़ी बहुत बाकी है। उसे तेजी से अनुपालन करवाने का निर्देश दिए हैं। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया जा चुका है। साथ ही, संबंधित पदाधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी भी करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष रामनवमी पर्व 30 मार्च को मनाया जाएगा।

भगवान श्रीराम के जन्म दिवस के अवसर पर रूट चार्ट के अनुसार भव्य शोभायात्रा स्थानीय आजाद पार्क से निकलकर विभिन्न मार्गों से होते हुए विष्णुपद मंदिर के प्रांगण में संपन्न होगा। उन्होंने नगर निगम एवं आरसीडी को निर्देश दिया कि हर घर गंगा जल योजना के तहत



### विवादित गानों पर रहेगी पूरी तरह पाबंदी

जिलाधिकारी ने रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों को निर्देश दिया है कि शोभा यात्रा के दौरान पर्याप्त संख्या में वॉलेन्टियर रखें तथा किसी प्रकार का कोई भी विवादित गाना पर पूरी तरह पाबंदी रखें। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को कहा कि सभी शोभा यात्रा का लाइसेंस लेना अनिवार्य है तथा लाइसेंस निर्गत के दौरान जो भी नियम शर्तें दिए जाएंगे उसे शत प्रतिशत अनुपालन करवाया जाना अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा चयनित रास्ते से ही हर हाल में जुलूस की आवाजाही रखें। बिना लाइसेंस के एक भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा, इसे सभी थानाध्यक्ष सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि रात्रि 11 बजे तक हर हाल में शोभा यात्रा को सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही, चैती छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए फल्गु नदी में पर्याप्त सफाई एवं कुंड का निर्माण करवाना सुनिश्चित करें।

- शोभा यात्रा के मार्ग में काटी गई सड़के 26 मार्च तक समतल कराने का दिया निर्देश
- अगले दिन चुनाव होने के कारण रात 11 बजे तक संपन्न कराई जाएगी शोभायात्रा

बिछाए जा रहे पाइपलाइन के दौरान यदि शोभा यात्रा के रास्ते में सड़के काटी गई है, तो उसे 26 मार्च तक हर हाल में समतल करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही 31 मार्च तक नया कोई भी सड़के ना काटे। उन्होंने कहा कि समीर तकिया, दुर्गास्थान, पुलिस लाइन रोड काफी महत्वपूर्ण सड़क है शोभा यात्रा के दौरान उन सड़कों का प्रयोग काफी ज्यादा होने की संभावना है। उसे हर हाल में समतल करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग शहरी को निर्देश दिया कि शोभायात्रा के मार्ग में जर्जर तारों तथा लो हाइट पर यत्र तत्र बिखरे बिजली तार को भौतिक सत्यापन कर ले ताकि शोभायात्रा में कोई समस्या ना हो।

**शोभायात्रा के आगे एवं पीछे पुलिस की टीम अनिवार्य :** इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने एसडीपीओ तथा थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील स्थानों पर लगातार फ्लैग मार्च करें। शोभायात्रा के आगे एवं शोभायात्रा के पीछे पुलिस की टीम अनिवार्य रूप स्कोट करे। संवेदनशील स्थानों पर एसडीएम तथा एसडीपीओ स्वयं निरीक्षण करें। उन्होंने सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में सीसीए तथा बाउंड डाउन प्रभावी रूप से करें। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व के अवसर पर डीजे पर पूरी तरह पाबंदी रखा गया है इसका अनुपालन एसडीएम तथा एसडीपीओ सख्ती से कराएं। कहा कि आपत्तिजनक गाना बजने पर होगी कार्रवाई। सभी आयोजक को निर्देश दिया गया कि शोभायात्रा में बजने वाले गानों का संबंधित थाने से वेरीफाई करवाना सुनिश्चित करें।

**ड्रोन से होगी निगरानी, करें व्यवस्था :** डीएम ने कहा कि इस वर्ष त्योहारों के दौरान संवेदनशील जगहों को चिन्हित करते हुए संबंधित स्थानों पर कड़ाई से अनुपालन करवाया जाएगा। शांति व्यवस्था भंग करने वाले जो भी असामाजिक तत्व होंगे, उनपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गया जिलावासियों से अपील किया है कि आपसी सौहार्द के साथ सभी समुदाय आपस में भाईचारा के साथ त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए जिला नियंत्रण कक्ष 247 सुचारू रूप से संचालित है। किसी भी व्यक्ति को कहीं भी समस्या होने पर नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 0631-2222253/59 पर जानकारी या शिकायत कर सकते हैं। सभी एसडीएम तथा एसडीपीओ को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र के सभी संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए किसने संख्या में तथा किन स्थानों पर सीसीटीवी की आवश्यकता, वीडियो ग्राफर की आवश्यकता, ड्रोन के माध्यम से निगरानी की आवश्यकता तथा किन स्थानों पर बैरिकेडिंग की आवश्यकता है, का पूरी विवरण 2 दिनों के अंदर उपलब्ध कराएं।

## एक नजर

### शहादत दिवस पर याद किए गए आजादी के महानायक




**जहानाबाद।** जिले में इंकलाबी नौजवान सभा द्वारा आजादी के महानायक शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का शहादत दिवस माले कार्यालय में मनाया गया। साथ ही, पार्टी कार्यालय से अरवल मोड़ तक देशव्यापी युवा अधिकार मार्च निकाला गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगत सिंह के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए हुई। इंकलाबी नौजवान सभा द्वारा पार्टी कार्यालय से अरवल मोड़ तक देशव्यापी युवा अधिकार मार्च निकाला गया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आरबाईए जिला संयोजक वेंकटेश शर्मा ने कहा कि 23 मार्च भारत की आजादी के संग्राम की वह तारीख है। जिस दिन न केवल तीन युवा देश की स्वतंत्रता की बलिवेदी पर कुर्बान हो गए, बल्कि इस तारीख ने साम्राज्यवाद के चंगुल से मुक्त भारत का सर्वाधिक जनपक्षधर खाखा खींचने वाले मस्तिष्क का ही खात्मा कर दिया। इस तारीख पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत हुई थी। भगत सिंह और उनके साथ सिर्फ कोई जनूनी युवा नहीं थे, जो किसी भी हाल में बस अंग्रेजों को देश से खदेड़ कर शांत हो जाते। आम तौर पर लोग समझते हैं कि वे बम पिस्तौल चलाने वाले नौजवान थे, लेकिन असल बात ये है कि वे क्रांतिकारी नौजवान थे। जो ब्रिटिश साम्राज्य से टकराने के लिए हथियारों का सहारा ले जरूर रहे थे, लेकिन न वे हिंसा के पुजारी थे और ना ही खून बहाना उनका शौक था। बल्कि इसके ठीक उलट वे मानव जीवन को बेहद अमूल्य समझते थे। कार्यक्रम में माले जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा, राज्य कमिटी सदस्य, रामाधार सिंह, वसी अहमद, श्याम पांडे, प्रभात कुमार, आरबाईए राज्य कमिटी सदस्य मुकेश पासवान, इंद्रजीत कुमार सुधाकर, आइसा नेता सन्नी भदानी सहित कई लोग मौजूद थे।

### जदयू जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

**जहानाबाद।** जनता दल यूनाइटेड के द्वारा सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक राहुल शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता राजीव नयन को प्रदेश महासचिव बनाया गया। साथ ही निरंजन केशव प्रिंस, दिलीप कुशवाहा, डॉ निरंजन अम्बेडकर, रगनाथ शर्मा और मोहम्मद शमशाद साईं को प्रदेश सचिव बनाया गया है। जिस पर जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा जी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह व प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को बधाई देते हुए कहा कि जदयू को राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी बनाए जाने पर संगठन एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। बधाई देने वालो में महेंद्र कुमार सिंह, अमित कुमार पम्मु, रामभवन सिंह कुशवाहा, शम्भू शर्मा, गुलाम मूर्तजा अंसारी, रामप्रवेश कुशवाहा, विनय सिंह, रणधीर पटेल, प्रेम कुमार पप्पु, अजीत कुमार, ओम प्रकाश पटेल, मुरारी यादव, सुनील पांडेय, धनजय दास आदि शामिल है।




### छात्रों को भगत सिंह से लेनी चाहिए प्रेरणा

**जहानाबाद।** गुरुवार को शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव का शहादत दिवस मयार्दा पूर्वक इंटर स्तरीय विद्यालय ग्राम देवघर एवं ओबीसी छात्रावास में एआईडीएसओ छात्र संगठन के नेतृत्व में मयार्दा पूर्वक मनाया गया। सभी जगह कार्यक्रम का प्रारंभ पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण से किया गया। इंटर स्तरीय विद्यालय देवघरा में आरके राय एवं ज्योति कुमारी ने कहा कि जिस प्रकार भगत सिंह की रूचि किताबें पढ़ने में थी छात्रों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए से उन्होंने अपील किया कि आज भी देश में भगतसिंह जैसे होनहार युवा की जरूरत जो देश समाज को शोषण विहीन समाज बनाने में योगदान दे सकें। ओबीसी छात्रावास में गोविंदा जी के द्वारा देशभक्ति गीत के प्रस्तुति के माध्यम से समाज को उन्नत मार्ग पर लाने का आह्वान किया गया जिसमें भगत सिंह ने समाजवादी व्यवस्था बनाकर समाज को कैसे मुक्ति चाहते थे उसका व्याख्यान किया गया। वहीं मनोहर कुमार, सूरज कुमार द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे मसले पर हम लोग को एकजुट होकर संघर्ष चलाने की जरूरत। अंत में एआईडीएसओ के जिला सचिव राजू कुमार ने संकट के घड़ी में तमाम क्रांतिकारी मनीषियों से सीख लेते हुए समाज के जवाबदेही को अपने कंधे पर लेकर संघर्ष चलाने का अपील की। उन्होंने बताया कि आज समाज चौतरफा संकट से घिरा हुआ है। ऐसे संकट के समय में स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालय सभी निजी हाथों में दिए जा रहे हैं। जिसके कारण शिक्षा आम छात्रों से पहुंचकर बाहर हो रहे हैं। वर्तमान में हम लोग को इस शहादत दिवस के मौके पर संकल्प लेकर समाज के साथ खड़ा होने का मन बनाए और संघर्ष को तेज करते हुए वर्तमान पूंजीवादी व्यवस्था को उखाड़ने को लेकर विभिन्न जगह से आंदोलन संगठित करते हुए सरकार के समक्ष अपनी आवाज को बुलंद करनी चाहिए।



### कंटेनर में टकराने से बाइक चालक की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**सासाराम।** दरिहट थाना क्षेत्र में डेहरी-नासरगंज स्टेट हाइवे पर बेरकप गांव के पास गुरुवार को कंटेनर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। जबकि अन्य दो सवार समेत तीन घायल हो गए।

घायलों को डेहरी के एक निजी अस्पताल में लाया गया है। दरिहट थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव से तीन युवक बाइक पर सवार होकर डेहरी आ रहे थे। इस क्रम में वे जैसे ही बेरकप गांव के पास पहुंचे बाइक और विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर में सीधी टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार शिव कुमार भुईया की मौके पर मौत हो गई। जबकि लाला भुईया एवं शिवा कुमार भुईया गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क किनारे खड़ा एक अन्य व्यक्ति स्वामी नाथ भुईया भी कंटेनर की चपेट में आ घायल हो गया। सभी घायलों को डेहरी के निजी अस्पताल लाया गया है। मृतक और बाइक सवार घायल डेहरी में मजदूरी का काम करते थे। मृतक एवं एक अन्य घायल शिवा कुमार इंद्रपुरी थाना चेत्र के नावाडिह गांव के निवासी बताए जाते हैं।

## आज सुंदरपुर बरजा में आएंगे जीयर स्वामी जी महाराज

- 24 से 28 मार्च तक ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम

**केटी न्यूज/आरा**

सुंदरपुर बरजा में श्री जीयर स्वामी जी महाराज का 24 से 28 मार्च तक ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम है। जिसके लिए यज्ञ समिति की तरफ से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आसपास के गांव में स्वामी जी को आने को लेकर काफी उत्साह है। काफी संख्या में यज्ञ समिति के कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हुए हैं। गांव से बाहर रहने वाले लोग स्वामी जी के कार्यक्रम को लेकर सब लोग गांव पहुंच चुके हैं।दर्जनों गांवों के लोग काफी उत्साह से तैयारियों में जुटे हुए हैं।

मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि यज्ञ समिति के तरफ से व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रहने खाने की उत्तम व्यवस्था की गई है। दूर-दूर तक दूधिया रोशनी से सजाया गया है तथा चारों तरफ साफ-सफाई कर दी गई है। स्वामी जी के यज्ञ को लेकर लोगों में काफी



उत्साह है। स्वामी जी महाराज ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य को अपने कर्म के प्रति सतर्क रहना चाहिए। क्योंकि मनुष्य का कर्म ही जन्म और मृत्यु के बीच का कारण बनता है। मनुष्य को विषम परिस्थितियों में भी धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए तथा ईश्वर पर विश्वास करना चाहिए। कभी भी मनुष्य को कष्ट आने पर ना हीं ज्यादा दुखी होना चाहिए और ना ही सुख आने पर ज्यादा उत्साहित होना चाहिए। जो अपने जीवन में हमेशा बैलेंस बना कर चलता है वही मनुष्य जीवन में सफल हो पाता है। जब किसी पर ईश्वर की कृपा होती है तो सच्चे संत का दर्शन होता है। अगर जिसके जीवन में सच्चे संत का दर्शन हो गया उसका जीवन धन्य हो गया।

## एईएस और हीट वेव से बचाव के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

# चमकी बुखार व हीट वेब के मद्देनजर अस्पतालों में बनाया गया वार्ड

- चमकी बुखार से बचाव के लिए बच्चों को रात में खाना खिला कर ही सुलाएं

**केटी न्यूज/गया**

जिला में एईएस-जेई और हीट वेब से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष सर्तकता बरती जा रही है। जिला सहित प्रखंड स्तर पर सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रोगियों के ईलाज व स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए तमाम तैयारियां की गयी हैं। प्रखंडों में स्वास्थ्यकर्मियों को एईएस-जेई व हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। चमकी बुखार के मामले में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश है। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को अपने-अपने



क्षेत्र में रोग के लक्षणों के दिखने पर तुरंत सूचना देने के लिए कहा गया है। चमकी बुखार व हीट वेव से बचाव के लिए स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण के लिए एक सदस्यी तीन अलग-अलग दल बनाये गये हैं। इनमें जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ राजीव अंबष्ट तथा संचारी रोग पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार सिंह आदि शामिल हैं। इस क्रम में गुरुवार को जिला के टिकारी, कोंच, नीमचक बथानी, अतरी आदि प्रखंडों में प्रशिक्षण दिया गया। इन पदाधिकारियों द्वारा डुमरिया और इमामगंज, मोहनपुर, बोधगया, खिजरसराय और बेलागंज में यह प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अन्य बचे प्रखंडों में 27 तक यह प्रशिक्षण दिया जायेगा। सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिन्हा तथा डीपीएम नीलेश कुमार द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनुश्रवण किया जा रहा है।

**प्रशिक्षण के दौरान हुई चमकी बुखार से बचाव पर चर्चा:** प्रशिक्षण दल द्वारा इस दौरान एईएस-जेई एवं हीट स्ट्रोक के कारण, क्या करें और क्या न करें, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, शिक्षक और जनप्रतिनिधियों के दायित्व पर चर्चा की गयी। साथ ही सार्वजनिक जगहों पर प्याउ लगवाने पर भी बात की गयी। मस्तिष्क ज्वर से बचाव के बारे में डॉ. एमई हक ने बताया कि तेज बुखर होने पर पूरे शरीर को ताजे पानी से पोछें एवं हवादार कमरे में रखें, ताकि बुखार को सौ डिग्री फॉरेनाहाइट से कम हो सके। चिकित्सीय सलाह पर पारासिटामोल की गोली या सीरप मरीज को दें। यदि बच्चा बेहोश नहीं है तब साफ एवं पीने योग्य पानी में ओआरएस का घोल बनाकर पिलायें। बेहोशी या मिर्गी की अवस्था में बच्चे को छायादार एवं हवादार स्थान पर लिटाएं। चमकी आने की दशा में मरीज को बांए या दांए करवट में लिटाकर अस्पताल ले जाएं। बच्चे के शरीर से कपड़ा हटा लें एवं गर्दन सीधा रखें। रात में बच्चों को भरपेट खाना खिला कर ही सुलाएं।

**स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा दवा की उपलब्धता करायी गयी सुनिश्चित:** च्मकी बुखार की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गयी हैं। स्वास्थ्य केंद्रों पर एईएस–जेई रोकथाम के लिए दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करायी गयी है. इन दवाओं में पारासिटामोल टेबलेट, सीरप और इंजेक्शन, ओआरएस, विटामिन ए, ई, सी, एईएस किट सहित एक दर्जन से अधिक दवाएं उपलब्ध कराये गये हैं। जेई वैक्सीनेशन को शतप्रतिशत पूरा कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। एईएस-जेई और हीट वेव के लिए अलग वार्ड तैयार किये गये हैं जिसे कूलर और एसी से सुसज्जित किया गया है।

## मां भारती के रत्न फौजी

हम देश के हैं फौजी, ठहरे हैं
सीना ताने।
मेरी असीम ताकत का दुश्मन
भी लोहा माने।

बर्फ गिरे या धुंध पड़े, तनिक
हम नहीं घबराते।
लांघे जो मेरी सरहद उनके हम
छक्के छुड़ाते।
जो मिटे देश की खातिर, हम
ऐसे हैं परवाने।
हम भारत के फौजी हैं, ठहरे
हैं सीना ताने।

होली हो या ईद मनें, गुरु पर्व
क्रिसमस भले।
जश्ने आजादी हो या, दीपावली
के दीप जले।
बन प्रहरी राष्ट्र के, खुशियों के
रखें खजाने।
हम भारत के फौजी हैं, ठहरे
हैं सीना ताने।

याद घरों की आए तो, धरती मां
को नमन करें।
अपनों की खातिर ही तो, फूलों
से हम चमन भरें।
हंसते मुखड़े ही हमको लगते
सुंदर नजराने।
हम भारत के फौजी हैं, ठहरे
हैं सीना ताने।

कंधों पर बंदूक लिए, हर घंटे
हर पहर खड़े।
गांव गांव बस्ती बस्ती, दुश्मन
से हर शहर लड़े।
देख तिरंगा अपना हम, भूलें
सब घाव पुराने।
हम भारत के फौजी हैं, ठहरे
हैं सीना ताने।

न सोना न चांदी मांगे, मांगें
सिर्फ यही गहने।
काम आएं देश के तो, तिरंगे
का कफन पहनें।
छाप सको तो ये छापो, तुम मेरे
नए तराने।
हम भारत के फौजी हैं, ठहरे
हैं सीना ताने।
जय हिन्द, वंदे मातरम्।



– डॉक्टर अशोक कुमार,
पूर्व सदस्य, बिहार लोक
सेवा आयोग, पटना

# सस्ता आभूषण दिलवाने का लालच दे ग्रामीणों का 40 लाख लेकर व्यवसायी फरार

**केटी न्यूज/चौगाईं**

- लॉक डाउन के दौरान किया फर्जीवाड़ा और हुआ फरार, आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाएगी पुलिस
- गाढ़ी कमाई गंवाने से परेशान है सभी ग्रामीण

मुरार थाना क्षेत्र के चौगाईं गांव का एक आभूषण व्यवसायी दर्जनों ग्रामीणों को झांसे में रख उनका करीब 40 लाख रूपया लेकर फरार हो गया है। पिछले दो साल से फरार व्यवसायी का कुछ पता नहीं चल सका है। सस्ते दर पर आभूषण के लालच में अपनी गाढ़ी कमाई गंवाने वाले ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। इधर जब उसका कुछ सुराग नहीं मिला तो पुलिस भी उसे भगोड़ा साबित कर उसके घर पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में जुट गई है।

स्थानीय पुलिस द्वारा उसके घर पर इश्तेहार चस्पा निर्धारित अवधि तक कोर्ट या पुलिस के सामने सरेंडर नहीं करने पर घर पर बुलडोजर चला ध्वस्त करने की चेतावनी दी है। मिली जानकारी के अनुसार दो साल पहले लॉक डाउन के दौरान चौगाईं निवासी व आभूषण व्यवसायी राकेश सोनार पिता शत्रुघ्न सोनार ने चौगाई तथा आस पास के ग्रामीणों का लालच दिया था कि लॉक डाउन के दौरान कई लोग औने पौने दामों में अपने आभूषण बेच रहे है। उसने बड़ी चालाकी से दर्जनों लोगों से करीब 40 लाख रूपए आभूषण दिलाने के नाम पर ले लिए।


बंद पड़ा आरोपी का मकान

इसके कुछ दिनों के बाद ही वह अपने परिवार तथा बच्चों के साथ घर से भाग गया। घर के बाहर कई दिनों तक ताला लटका देख जब उसे पैसे देने वाले ग्रामीणों का शक हुआ तब ग्रामीण पहले अपने स्तर से उसकी पड़ताल शुरू किए। इस दौरान उसके सभी रिश्तेदारी में ग्रामीणों द्वारा खोजबीन की गई। लेकिन उसका कहीं भी सुराग नहीं मिला। इसके बाद डंगरा डेरा निवासी सुशील यादव ने स्थानीय थाने में सस्ते दर पर आभूषण दिलवाने का झांसा दे 8 लाख रूपए लेकर फरार होने का मामला दर्ज करवाया। जिसके बाद पुलिस भी उसकी खोज में जुट गई। लेकिन पुलिस भी फरार आभूषण व्यवसायी का पता नहीं लगा सकी। तब स्थानीय पुलिस ने कोर्ट में उसकी संपति कुर्क करने के लिए आवेदन दिया। पुलिस की अर्जी पर कोर्ट द्वारा पहले उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। लेकिन फरार होने की हालत में पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी और न ही उसने कोर्ट के समक्ष आत्मसमपर्ण किया। इसके बाद कोर्ट ने इश्तेहार जारी किया है।

गुरूवार को मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में उसके घर इश्तेहार चस्पाया गया। इस दौरान पुलिस ने आस पास के ग्रामीणों को भी इसकी तस्दीक की और बताया कि निर्धारित अवधि के अंदर समपर्ण नहीं करने पर उसकी संपति कुर्क की जाएगी। वही ग्रामीणों की मानें तो गांव में उसका आलीशान मकान है। कई ग्रामीणों ने यह भी कहा कि भले ही पुलिस उसके मकान पर बुलडोर चला उसे ध्वस्त कर देगी लेकिन फरार होने की हालत में उनके पैसे वापस नहीं मिल सकते है। ग्रामीणों ने पुलिस से उसकी खोजबीन करने की गुहार लगाई है। बता दें कि सुशील यादव के साथ ही दर्जनों लोग उसके हाथों ठगी का शिकार हो चुके है।

### बक्सर पहुंचे शाहाबाद रेंज के डीआईजी, एसपी व पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# रामनवमी व रमजान के मद्देनजर जिले के 2000 लोगों पर पर होगी 107 की कार्रवाई

**केटी न्यूज/बक्सर**

शहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा गुरूवार को बक्सर में थे। वे एसपी कार्यालय में प्रभारी एसपी दीपक वर्णवाल, एएसपी सह डुमरांव एसडीपीओ राज, सदर डीएसपी गोरख राम, मुख्यालय डीएसपी असफाक अंसारी तथा सभी सर्किल इंस्पेक्टरों व थानाध्यक्षों के साथ समीक्षात्मक बैठक किए। इस दौरान डीआईजी जनवरी व फरवरी महीने में बक्सर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बढ़े अपराध के ग्राफ पर चिंता जताई तथा इस पर लगाम लगाने का सख्त निर्देश दिया। डीआईजी ने कहा कि कांडो का निष्पादन समय से करना है तथा फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।

आगामी रामनवमी तथा रमजान महीने को देखते हुए उन्होंने और सख्ती बरतने का निर्देश दिया, ताकी पर्व त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था में खलल उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि जिले रामनवमी को देखते हुए जिले में दो हजार लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई के तहत 107 लगाया जाएगा। इस दौरान अश्लील संगीत गाने व बजाने वालों, उपद्रवी तत्वों, सोसल मीडिया के माध्यम से उपद्रव मचाने वालों पर नजर रखने का निर्देश डीआईजी ने अपने मातहतों को दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों के साथ रामनवमी जुलूस के रूट चार्ट तथा इस दौरान किए जा रहे सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहारों में शांति भंग करने के लिए उपद्रवी तत्व सक्रिय रहते है। उनपर समय रहते कार्रवाई करना है ताकी सांप्रदायिक उन्माद नहीं फैले। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से फ्लैग मार्च कर लोगों को भयमुक्त वातावरण में त्योहार मनाने का संदेश देने को कहा।


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीआईजी

- बक्सर में बढ़े अपराध पर जताई चिंता, लगाम लगाने का दिया निर्देश
- कहा- पर्व से पहले क्षेत्रों में निकाले फ्लैग मार्च

**अपराध का ग्राफ घटाने का दिया निर्देश :** डीआईजी ने निर्देश दिया कि सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें स्पष्ट रूप से यह बता देना है कि किसी भी हाल में निर्धारित क्षमता से ज्यादा शोर वाले गाने नहीं बजेंगे। साथ ही अश्लील एवं उत्तेजक गाने किसी हाल में नहीं बजाए जाएंगे। ऐसा करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई होगी साथ ही उनका डीजे आदि भी जब्त कर लिया जाएगा। डीआईजी ने इस दौरान अपराध का ग्राफ घटाने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि दिवा के साथ ही रात्रि गश्त बढ़ाया जाए। वही बढ़ते साइबर अपराध पर भी लगाम लगाने का निर्देश डीआईजी ने दिया है।

**त्योहारों को देखते हुए पहले से तैयारी कर रही है पुलिस :** वहीं प्रभारी एसपी दीपक वर्णवाल ने डीआईजी को बताया कि पर्व त्योहारों को देखते हुए पहले से तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में दो हजार लोगों को धारा 107 लगाया गया है। जिनमें 600 लोगों का बंध पत्र भी भरवा लिया गया है। अन्य लोगों से भी जल्दी ही बंध पत्र भरवाया जाएगा। इसके लिए सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान पूरे जिले में 24 जुलूस निकाले जाएंगे इस दौरान किसी भी प्रकार से सुरक्षा में कहीं चूक नहीं हो इसका का पूरा ख्याल रखा जाएगा तथा सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर व्यापक संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। इसके अलावे साइबर सेल को अलर्ट मोड में रहने तथा सोशल मीडिया पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

## एक नजर

### आज विश्वामित्र हॉस्पिटल में लगेगा मस्तिष्क व नस रोग से जुड़े मरीजो के लिए फ्री जांच कैंप

**बक्सर।** जिलेवासियों को अनासी से चिकित्सा की सुबिधा मिल सके, उन्हें बाहर नही भटकना पड़े इसलिए सभी प्रकार रोगों की जांच के विश्वामित्र हॉस्पिटल गोलम्बर बक्सर में फ्री जांच कैंप लगाया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग रोगों का अलग-अलग डाक्टर बैठ रहे है। इसी क्रम में एक बार फिर कल विश्वामित्र हॉस्पिटल गोलम्बर बक्सर में फ्री जांच कैंप लगाया जा रहा है। इसबार मस्तिष्क एण्ड नस रोग के संबंधित बिहार के सुप्रसिद्ध डॉ. सौरभ कुमार एबीबीएस ऑनर्स, रैन, एमसीएच न्यूरो सर्जरी (गोल्ड मेडिलिस्ट) फेलोशिप इन न्यूरोन्डोस्कोपी, पूर्व फेलो एसजीपीजीआई (लखनऊ) माइक्रोस्कोपिक एण्ड इन्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन के द्वारा शुक्रवार को विश्वामित्र हॉस्पिटल गोलम्बर बक्सर में फ्री जांच का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी अस्पताल के डायरेक्टर डा. राजीव कुमार झा ने दी। उन्होंने बताया सुबह 8:00 बजे दोपहर 12:00 बजे डाक्टर सौरभ कुमार का मुफ्त ओपीडी होगा। यह कैंप जिलेवासियों को मुफ्त चिकित्सा सेवा देने के लिए लगाया जा रहा है। जिसमें सिर का चोट व खुन का थका जमना, ब्रेन टयूमर, रीढ़ के हड्डी का चोट, स्पाईन टयूमर, सिरर्दद, माइग्रेन, गर्दन दर्द, कमर दर्द, जन्मजात विमारी, बच्चे का सिर का बड़ा होना, हाथ पैर में झिनझिनी, जलन, सुखापन या पतलापन, हाथों के नसों का चोट समेत नस से जुड़े सभी प्रकार की जांच करेगें।



### पुलिस ने बरामद की 30 लीटर शराब के साथ एक बाइक, भाग निकले तस्कर

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अतिमी गांव के पास गुरुवार को पुलिस ने 30 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। साथ ही एक बाइक को जब्त किया गया है। हालांकि पुलिस को देखकर तस्कर भाग निकलने में सफल रहे। इधर पुलिस ने तस्कर की पहचान कर लिया है। पकड़ा गया महुआ शराब एक बोरी के अंदर तीन प्लास्टिक थैला में थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि एक बाइक से शराब की खेप सिकरौल मोड़ नावानगर से अतिमी गांव की तरफ जाने वाली है। सूचना पर नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने अतिमी मोड़ पहुंचकर आने जाने वाले बाइक की जांच करने लगे। तभी शराब तस्कर पुलिस को देखकर पल्सर बाइक छोड़ भाग निकला। पुलिस ने बाइक की तलाशी लिया तो बाइक के पीछे बंधी एक बोरी में प्लास्टिक थैला में 30 लीटर महुआ शराब था। जिसके बाद पुलिस ने महुआ शराब के साथ बाइक को जब्त कर लिया। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष ने बताया कि तस्कर की पहचान कर लिया गया है। तस्कर एवं बाइक ऑनर पर नामजद एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



### आरडीडी के आदेश पर कुंडली मार प्रतिनियोजन पर जमे हैं शिक्षा विभाग के दो क्लर्क

**बक्सर।** शिक्षा विभाग में वरीय अधिकारियों के निर्देश का पालन नहीं होता है। इसकी बानगी है पटना में पोस्टिं के बावजूद विभाग के दो क्लकों अमलेश व अशोक सिंह का बक्सर में जमे होना। इस संबंध में विभाग की क्षेत्रिय उप निदेशक सुनयना कुमारी ने पटना डीईओ के पत्रांक 3220 दिनांक 1 दिसंबर 2022 का हवाला देते हुए बक्सर में प्रतिनियोजित क्लकों अमलेश कुमार तथा अशोक कुमार सिंह का प्रतिनियोजन तत्काल रद्द कर मूल जिला में योगदान का निर्देश दिया था। लेकिन चार महीने बाद भी उनके निर्देश पर स्थानीय अधिकारी कुंडली मार बैठे है। हालांकि सूत्रों के अनुसार दोनों की विभाग में मजबूत पकड़ भी है। जिसके बदौलत वे अधिकारियों के आदेश को दरकिनार कर न सिर्फ बक्सर में जमे है बल्कि यहां रहते हुए भी पटना का परिवहन व आवास भत्ता उठा रहे है। भोजपुर जिले के कसाप निवासी आरटीआई कार्यकर्ता रामपुकार तिवारी ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत यह जानकारी भी मांगी है कि बक्सर में रहने के दौरान किस नियम के तहत उन्हें पटना का आवास व परिवहन भत्ता दिया जा रहा है। बताया जाता है कि यदि बक्सर में प्रतिनियोजन के दौरान इनके कार्यशैली की जांच करवाई जाए तो कई चौकाने वाले तथ्य सामने आ सकते है।

### छह साल बाद पत्नी का हत्यारा पति गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गौशाला रोड में छापेमारी कर पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को छह साल बाद गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी पति को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के गौशाला रोड निवासी मुन्द्रिका सिंह के पुत्र उमेश सिंह ने दहेज के लिए अपनी पत्नी रीमा देवी की हत्या कर दी थी। पत्नी की मौत के बाद पुलिस ने डुमरांव थाना में पिछले 29 अक्टूबर 2016 को पति उमेश के खिलाफ दहेज हत्या का नामजद मुकदमा दर्ज किया था। दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी पिछले छह सालों से पुलिस के फाइलों में फरार चल रहा था। इस बीच थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम को गुप्त सूचना मिली कि मिली कि आरोपी अपने घर पर है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गौशाला रोड में छापेमारी कर हत्या के आरोपी उमेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। फरार दिखाकर पुलिस ने उमेश के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि कई बार आरोपी के ठिकाने पर छापेमारी की गयी थी लेकिन फरारी के बाद पुलिस ने कागजी कार्रवाई तेज कर दी थी। गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी पकड़ा गया और उसे जेल भेज दिया गया है।

## बक्सर केन्द्रीय कारा से फरार हुआ आजीवन कारावास का सजायाप्ता कैदी, मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/बक्सर**

- कैदी के अच्छे व्यवहार को देखते हुए ओपेन जेल में रखा गया था

बुधवार को बक्सर ओपेन जेल से एक सजायाफ्ता कैदी फरार हो गया है। जब वह देर शाम तक नहीं लौटा तो जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। इसके बाद कारा अधीक्षक राजीव कुमार ने इसकी सूचना टाउन थाने की पुलिस व वरीय पदाधिकारियों को दी। इसकी जानकारी मिलते ही उसकी खोजबीन शुरू हो गई है। लेकिन संवाद संप्रेषण तक उसका सुराग नहीं मिल सका है।

बताया जाता है कि सजायाफ्ता कैदी सतीश पांडेय उम्र 52 वर्ष पिता परमानंद पांडेय मूल रूप से सीवान जिले का रहने वाला है। उसपर छपरा के किसी थाने में हत्या का मामला दर्ज था। जिसमें कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पिछले वर्ष ही वह केन्द्रीय कारा अररिया से बक्सर कारा में आया था। उसके अच्छे व्यवहार व चाल चलन को देखते हुए जेल प्रशासन द्वारा उसे ओपेन जेल में शिफ्ट किया गया था। बुधवार को वह बिना किसी को कुछ बताए गायब हो गया। जेल प्रशासन द्वारा उसके घर तक खोज करवाई गई। वैसे सूत्रों का कहना है कि वह जेल प्रशासन के संपर्क में आ चुका है तथा देर रात तक वापस आने की बात बोला है। माना जा रहा है कि मानसिक अवसाद के कारण उसने ऐसा कदम उठाया है। जेल अधीक्षक राजीव कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उसे जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

## रामनवमी में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर, दोषियों पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/नावानगर**

रामनवमी महापर्व को लेकर सोनवर्षा ओपी परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र से आए विभिन्न महावीरी पूजा समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि व दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

बैठक में ओपीध्यक्ष के द्वारा दोनों समुदाय के लोगों से रामनवमी महापर्व शांति व सद्भाव के साथ मनाने की अपील किया गया। ओपीध्यक्ष ने कहा कि रामनवमी पूजा के दौरान जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकालें व समय पर समाप्त करें। उन्होंने कहा की जुलूस के दौरान सभी पूजा समिति सदस्य जुलूस को नियंत्रित करने में अपना योगदान देंगे। जुलूस के दौरान प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा की पूजा के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने समिति सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों से सौहार्द बिगाड़ने वालों पर नजर रखने व इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील किया। जिससे की वैसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सोसल मीडिया पर किसी भी तरह का आपत्ति जनक पोस्ट नहीं डालने की अपील किया। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वकील सिंह यादव, बीडीसी अजय कुमार गुप्ता, रामाकांत सिंह उर्फ बबुआ जी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना यादव, मुखिया प्रतिनिधि संतोष सिंह, राम धनेश तिवारी, रामनाथ सिंह, नन्द कुमार सिंह, मृत्युंजय ओझा, ललित प्रताप भानु समेत अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद थे।


शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक करते थानाध्यक्ष

### इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यशाला के दौरान पुस्कलाय में दान की गई पुस्तकें, छात्रों को मिलेगा लाभ

# भूगोल व्याख्याता डॉ. संजय सिंह ने दान की 40 पुस्तकें

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय इंटर कॉलेज में गुरूवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित स्थानीय विषय आधारित कार्यशाला के तहत नशा मुक्ति, पोषण तथा शिक्षा विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन नेहरू युवा केन्द्र बक्सर एवं नेहरू युवा विकास समिति, डुमरांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ था। कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती के तैल्य चित्र के सामने वंदना एवं पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया। कार्यशाला कॉलेज के पुस्तकालय भवन में आयोजित हुआ था। इस दौरान शिक्षकों तथा छात्रों ने इस कार्यशाला में अपने विचार रखे जबकि पूर्व एनवाईसी तथा इंटर कॉलेज में भूगोल विषय के व्याख्याता संजय कुमार सिंह ने कॉलेज लाइब्रेरी में 40 पुस्तकें दान स्वरूप दी।

दान देते हुए डॉ सिंह ने बताया कि यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए दिया जा रहा है। जिसमें पात्रता परीक्षा एवं संविधान की पुस्तकें शामिल है। ताकि आज के युवा जो पुस्तकों से दूर होते जा रहे हैं उन्हें जोड़ा जा सके और अध्ययन कर अपने मंजिल को पा सके। वहीं कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि पुस्तक दान करना सबसे महान काम है। उन्होंने डॉ संजय सिंह को इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भूगोल व्याख्याता कॉलेज में लगातार रचनात्मक कार्यक्रम चला छात्रों को पढ़ाई तथा देश सेवा में बेहतर करने के लिए लगातार प्रेरित कर रहे जो सराहनीय है। वहीं, मनोरंजन त्रिपाठी ने बताया कि नशा हमें नहीं करनी चाहिए इसके बदले संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए ताकि हमारा शरीर स्वस्थ रह सके। परीक्षा नियंत्रक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि हमें गौतम बुद्ध के मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए और उनसे सीख लेकर हमें आगे बढ़ना चाहिए साथ ही हमें पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। मौके पर कॉमर्स विभाग के दीपक कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने पोषण पर भी ध्यान देना चाहिए और अपना समाज नशा मुक्त करना चाहिए। इस दौरान सुधीर कुमार, रंजना कुमारी शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। वही उमेश कुमार गुप्ता ने पौधे भेंट किए। मौके पर विमलेश कुमार सिंह, आनंद कुमार ओझा, एन के त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, नंदा सिंह, अनिता कुमारी, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, नूरी, मरियम खातून, अनिता कुमारी, सूरज प्रकाश राम, फुल कुमारी देवी, अनिता कुमारी, नेहाल खान सहित अनेकों छात्र एवं छात्राएं मौके पर उपस्थित रहे।



पुस्तक दान करते भूगोल व्याख्याता



चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन गुरुवार को प्रसिद्ध शक्ति पीठ के रूप में विख्यात गाजीपुर जिला स्थित मां कामाख्या धाम मंदिर में माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। मां के गगनभेदी जयकारे के साथ भक्त कतारबद्ध होकर दर्शन करते जा रहे थे। अलसुबह से भक्तों के आने का जो क्रम शुरू हुआ वह देर शाम तक चलता रहा। समीपवर्ती जिलों के साथ -साथ बिहार से भी बड़ी संख्या में लोगों ने मां के दरबार में हाजरी लगाई।

# ...गुरुजी फेल हो गया तो मेरी गर्लफ्रेंड मुझे छोड़कर चली जाएगी

**तिलक कुमार/बलिया**

मास्टर जी मुझे जरूर पास कर देना, फेल हो गया तो मेरी गर्लफ्रेंड मुझे छोड़कर चली जाएगी। यह कोई डायलॉग नहीं, बल्कि यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं में विद्यार्थियों ने पास होने के लिए इस तरह से परीक्षकों से मार्मिक अपील की है। किसी ने शायरी लिखकर तो कोई पिता की बीमारी व शादी टूटने की बात लिखकर परीक्षकों से पास करने की अपील की है।

यूपी बोर्ड की परीक्षा में पास होने के लिए परीक्षार्थी नई-नई जुगत लगाते दिख रहे हैं। इसका नजारा मूल्यांकन के दौरान नजर आ रहा है। जिले के चारों मूल्यांकन केंद्रों पर जांची जा रही हाईस्कूल और



इंटरमीडिएट की कॉपियों में कई परीक्षार्थियों ने सबसे ज्यादा नंबर देने के लिए मार्मिक अपील भी की है। इसके लिए किसी ने शायरी का सहारा लिया है तो किसी ने अन्य कारण बताकर गुरुजी से पास करने की गुजारिश की है।

## मेरी कश्ती वहां डूबी...

मूल्यांकन केंद्र में बुधवार को एक परीक्षक को ऐसी उत्तर पुस्तिकाओं मिली, जिसमें एक छात्र की उत्तर पुस्तिका में लिखा हुआ था कि हमें तो केमिस्ट्री ने लूटा, फिजिक्स में कहां दम था, मेरी कश्ती वहां डूबी, जहां अल्कोहल कम था।

**गुरुजी मेरी शादी टूट जाएगीः** उत्तर पुस्तिका में एक छात्र ने लिखा है कि गुरुजी में कई बार फेल हो चुका हूं। उम्र होने के कारण घर वालों ने शादी तय कर दी है। अब भी फेल हो गया तो शादी भी टूट जाएगी। इसलिए पास जरूर कर देना।

**बीमारी का बना रहे बहानाः** परीक्षकों ने बताया कि उत्तर पुस्तिका में रुपये भी निकल रहे हैं। कोई रुपये देकर पास होने की उम्मीद जता रहा है तो कोई अपने माता-पिता को बीमार बताकर पास करने की अपील कर रहा है। एक छात्र ने उत्तर पुस्तिका में लिखा है कि उसके पिता काफी समय से बीमार चल रहे हैं, अगर वह फेल हो गया तो उसके पिता को दुख होगा। गुरुजी कृपा करके परीक्षा में पास कर देना।

## अब तक एक लाख 86 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

जिले के चारों मूल्यांकन केंद्र पर अबतक एक लाख 86 हजार 884 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो गया है। बुधवार को चारों केंद्रों पर 57048 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने बताया कि बुधवार को मूल्यांकन कार्य में 1256 परीक्षक और 77 डीएचई अनुपस्थित रहे। जबकि राजकीय इंटर कॉलेज में 11245, कुंवर सिंह इंटर कॉलेज में 9660, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 19868 और बुधवार को 16256 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

## क्या बोले डीआईओएस

जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश कुमार सिंह कहते हैं कि विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका में कुछ भी लिख देते हैं। लेकिन कोई यह सोचता हो कि इस तरह से कोई मार्मिक अपील से पास कर देगा तो यह उनकी गलतफहमी है।

## खबरें फटाफट

### नहाने के दौरान पोखरे में डूबने लगा बच्चा, बची जान

**मनियर बलिया।** मनियर नवका ब्रह्म के मेले में आजमगढ़ जनपद से अपने परिजनों के साथ आया बालक बृहस्पतिवार को नवका ब्रह्म के स्थान पर स्नान करते समय तालाब में डूबने लगा। किसी की नजर डूबते हुए बालक पर पड़ी। उसको पानी से बाहर निकाला गया। ड्यूटी पर तैनात मनियर पुलिस ने बालक को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर लाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर के प्रभारी डाक्टर एस एस रावत ,डॉक्टर संजय तिवारी, डॉक्टर अजय सिंह द्वारा उसका इलाज किया गया। बालक खतरे से बाहर है।

### उसिया हाल्ट के पास क्षत-विक्षत मिला शव

**गाजीपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय दानापुर रेलखंड के उसिया हाल्ट के पास रेलवे ट्रैक के किनारे क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया। शौच के लिए जा रहे लोगों ने शव देखकर घटना की सूचना मुकामी पुलिस को दी। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। इस बाबत दिलदारनगर पुलिस ने बताया कि उसिया गांव के पास रेलवे ट्रैक के एक युवक का शव मिला है। जिसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो जाने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

## समीक्षा बैठक : गाजीपुर जिलाधिकारी ने कार्ययोजनाओ की समीक्षा कर दिए निर्देश

# मच्छर जनित एवं संचारी रोगों से बचने के लिए आमजन को करें जागरूक : डीएम

- डीएम का निर्देश... सभी मलेरिया निरीक्षकों को फील्ड में एक्टिवेट करें, हाई रिस्क वाले गांव में युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाएं
- शहरी-ग्रामीण क्षेत्र में फागिंग व एंटीलार्वा एक्टिविटी को बढाया जाए

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान, संचारी रोगों, दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु बुधवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अंन्तर्विभागीय समन्वय बैठक रायफल क्लब सभागार में हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने प्राप्त विभागीय कार्ययोजनाओ की समीक्षा करते हुए समस्त विभागों को कार्ययोजना के तहत ही कार्यवाही का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि संचारी रोग, दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं इसके त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रथम चरण जो एक अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक दस्तक अभियान 17 से 30 अप्रैल के मध्य प्रस्तावित है।

उन्होने कहा कि जनपद में तहसील, ब्लॉक, ग्राम स्तर पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाते हुए आमजन को मच्छर जनित एवं संचारी रोगों से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें के बारे में जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होने निर्देश दिया कि बच्चों को स्कूलों में लार्वा पनपने



के स्त्रोतों की न केवल जानकारी दी जाए बल्कि उनके मध्य प्रतियोगिता भी कराई जाए। सभी मलेरिया निरीक्षकों को फील्ड में एक्टिवेट किया जाए तथा हाई रिस्क गांव में युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाय। उन्होने निर्देश दिया कि अभियान में आशा-आंगनबाड़ी साथ मे अनिवार्य रूप से भ्रमण करे। शहरी-ग्रामीण क्षेत्र में फागिग व एंटीलार्वा एक्टिविटी बढाया जाये। हैंडपंप एंव अन्य जल जमाव वाले स्थलो को चिन्हित करते हुए यह सुनिशितच करे कि कही भी आसपास जलजमाव ना हो, वहीं हैंडपंप से डेढ़ मीटर दूरी तक नाली बनवाएं। सुपरक्लोरिनेशन के साथ पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित करें। आशा-एएनएम फील्ड में सक्रियता से काम करें। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से जनसंपर्क एवं जन जागरण, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, वेक्टर कंट्रोल, वातावरणीय स्वच्छता सहित विभिन्न बिंदुओं पर बिंदुवार समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## योग व आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने पर जोर

**गाजीपुर।** डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जिला संचालन समिति (योगाभ्यास/आयुष विधा परामर्श) की बैठक हुई। इसमे डीएम ने नगर के पार्को में प्रतिदिन 02 चरणों में योगाभ्यास एवं आयुष विद्या के विशेषज्ञों द्वारा परामर्श के साथ जनसमान्य में योग व आयुष चिकित्सा पद्धति की लोकप्रियता का बढ़ावा देने पर विचार विर्मश किया। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकाल में (अप्रैल से सितम्बर) प्रात: 06:15 से 08:00 बजे तक योगाभ्यास तथा शीतकाल में (अक्टूबर से मार्च ) प्रात: 07:15 से 09:00 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा और चिकित्सकीय परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह पार्क में आने वाले एवं पार्क में आस-पास के क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराएंगे।

## पशुओं की सुरक्षा के लिए हीट-वेव एक्शन प्लान तैयार

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में रायफल क्लब सभागार में आगामी ग्रीष्म काल के द्दष्टिगत तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने हीटवेव प्रबंधन के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया। पशुओं की सुरक्षा के लिए हीट-वेव एक्शन प्लान तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करें। गर्मी की स्थितियों के दौरान पशु प्रबंधन पर पशुधन के किसानों के बीच जागरूकता लाने के लिए ग्राम स्तर पर क्षेत्रीय कर्मचारियों और गोपालकों को सक्रिय करें, मवेशियों के लिए पीने के पानी की उचित व्यवस्था एवं पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाए। साथ ही पशु केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं का भंडारण सुनिश्चित हो तथा पशु चिकित्सकों के माध्यम से ग्रामीणों को पशुओं की सुरक्षा एवं लू से बचाव के लिए जागरूक किया जाए। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त शैक्षिक संस्थानों में छात्र/छात्राओं के लिए पेयजल तथा विद्यालयों में पावर सप्लाई व पंखे आदि की व्यवस्था, गर्मी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय की समयावधि में परिवर्तन करें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों, चौराहों व आवश्यकतानुसार सम्बन्धित ग्रामों में पानी की टंकी/टैंकरों आदि की व्यवस्था कराएं।

# फर्जी मेडिकल लगा शिक्षामित्र पर कार्यभार ग्रहण करने का आरोप

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

करीमुद्दीनपुर थाने के बाराचवर ब्लाक अन्तर्गत गोशलपुर प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक कामाख्या नारायण सिंह ने खण्ड शिक्षाधिकारी बाराचवर पर शिक्षामित्र विद्यावती देवी को फर्जी मेडिकल रिर्पोट पर मिली भगत कर विद्यालय में दोबारा कार्यभार ग्रहण कराने का मामला प्रकाश में आया है।

शिक्षा मित्र विद्यावती देवी ने अप्रेल 2021 में चुनाव लड़ने के लिए शिक्षामित्र के पद से त्याग पत्र दे दिया था। चुनाव बाद उसने स्वास्थ केन्द्र बाराचवर में अपने को बीमार दिखा दिया, लेकिन डाक्टर ने रोगी पंजीयन रजिस्टर में नाम दर्ज नहीं किया। स्वास्थ केन्द्र बाराचवर के डा. द्वारा पंजीयन रजिस्टर में नाम न दर्ज होने के बाद भी मई 2021 को रोगी को फिटनेस प्रमाण पत्र जारी कर दिया। फिटनेस की जानकारी पर प्रधानाध्यापक ने फीटनेश की जांच कराया जो पंजीयन रजिस्टर में दर्ज न होने पर फजीर्वाड़ा व मिलीभगत का आरोप लगा।

खण्ड शिक्षाधिकारी ने प्राप्त मेडिकल रिर्पोट की बिना जांच कराए शिक्षामित्र को वर्ष 2021 मे कार्यभार सौंप दिया। प्रधानाध्यापक ने त्याग पत्र देने सहित फर्जी मेडिकल रिर्पोट पत्रावली के रिकार्ड खण्ड शिक्षाधिकारी सुनील पटेल के सामने रखा, लेकिन उसने इसे अनदेखी करते हुए शिक्षामित्र को कार्य भार ग्रहण करा दिया। प्रधानाध्यापक को विरोध करते देख महिला शिक्षा ने एससी/एसटी धारा के तहत फंसाए जाने की धमकी दे डाली।

# बलिया के 61 केंद्रों पर 1 अप्रैल से शुरू होगी गेहूं की खरीद

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य तथा रसद विभाग की समीक्षा बैठक हुई। विपणन शाखा की समीक्षा में गेहूं खरीद की तैयारी सम्बन्धी जानकारी लेने पर डिप्टी आरएमओ ने बताया कि 1 अप्रैल से खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए कुल 61 केन्द्र खोले गये है। जिलाधिकारी ने सभी केंद्र पर 27 मार्च तक सभी तैयारियां पूरी कर लेने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि सभी केन्द्रों पर जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित कराकर उनसे सत्यापन कराकर आख्या मंगा लिया जाए। खरीद के दौरान किसानों की सुविधा का हरसंभव ख्याल रखा जाए। उन्होंने बताया कि इस बार 2125 रुपया प्रति



कुंतल न्यूनतम समर्थन मूल्य रखा गया है। किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो, इसका ध्यान रखा जाए। किसी प्रकार की लापरवाही और अनियमितता क्षम्य नहीं होगी।

**जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठकः** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसका प्रमुख एजेंडा जनपद बलिया में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना रहा । जिसमें सुरहाताल में इको पार्क व भृगु मन्दिर का पर्यटन विकास जो कि परिवहन मंत्री दया शकंर सिंह द्वारा प्रस्तावित है, को अनुमोदित किया गया। साथ ही जनपद बलिया में पर्यटन प्रचार प्रसार हेतु पर्यटन विवरिणी पर्यटन विभाग द्वारा शीघ्र प्रकाशित की जाएगी।

बैठक के दौरान क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी श्री रविन्द्र मिश्र ने बताया कि जनपद बलिया में पर्यटन विकास हेतु जनप्रतिनिधियों से प्राप्त तीन प्रस्ताव यथा- परासर मुनि आश्रम का सौंदर्यीकरण, श्री वीर कुँवर सिंह शहिद स्मारक व बैरिया में ग्राम सभा मिल्कीपुर में महाराज बाबा के स्थान का निर्माण शासन द्वारा स्वीकृत हो चुका है एवं शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। तीन अन्य प्रस्ताव जिनमें चित्रगुप्त आश्रम का पर्यटन विकास, बाबा मठ का सौंदर्यीकरण व ठकुरी बाबा मठ का पर्यटन विकास शासन द्वारा शीघ्र स्वीकृत होगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकरी, पर्यटन विभाग के अनिल सक्सेना व रविशंकर त्रिपाठी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड के लंबित आवेदनों के जल्द निस्तारण का डीएम ने दिया निर्देश

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला बैंक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। इसमें जिलाधिकारी ने शासन द्वारा



प्रायोजित विभिन्न रोजगार परक योजनाओं की समीक्षा की। किसान क्रेडिट कार्ड बनने की स्थिति की समीक्षा के दौरान अभी तक 91.30% किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाने पर जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को 1 हफ्ते के अंदर इसे शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मत्स्य किसान क्रेडिट बनाए जाने की अत्यंत खराब स्थिति को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने समस्त बैंकों, विशेषकर पंजाब नेशनल बैंक में ज्यादा आवेदन लंबित पाए जाने पर समस्त प्राप्त आवेदनों को 1 सप्ताह के अंदर निस्तारित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष मत्स्य किसान क्रेडिट बनाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहो के खाता खुलवाने हेतु जिलाधिकारी ने समस्त बैंकों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान लीड बैंक मैनेजर मनोज, सहायक निदेशक मत्स्य रिचा चौधरी, उपायुक्त उद्योग, सहित समस्त बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जिलाधिकारी ने बन रहे रेगुलेटर का किया निरीक्षण

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने विजईपुर में कटहल नाले पर बन रहे रेगुलेटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई बाढ़ खंड प्रथम, सीबी पटेल को निर्देश दिया कि निर्माण का कार्य जल्द से जल्द हो जाए ताकि बारिश आने से जलभराव की समस्या ना हो। जिलाधिकारी ने इस संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि रेगुलेटर के निर्माण कार्य में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए और निर्माण कार्य समय से पूरा हो जाना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि आज से दो साल पहले जनपद बलिया में भीषण बाढ़ आई थी जिसकी वजह से रेगुलेटर के जाम हो जाने से जनपद में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी इसी को देखते हुए इस रेगुलेटर का पुनः निर्माण कराया जा रहा है। जिससे कि बाढ़ का पानी आसानी से गंगा में प्रवाहित हो सके।

### पांच चोरी की बाइक के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**मऊ।** कोपागंज क्षेत्र के ग्राम सभा फिरोजपुर चट्टी से बृहस्पतिवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पांच चोरी की मोटरसाइकिल समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर ने कोपागंज थाना क्षेत्र के फिरोजपुर चट्टी पर तीन लोगो के चोरी की मोटरसाइकिल के साथ होने की सुचना मिली। सुचना पाते ही थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा एस आई राजनारायण पांडेय कांस्टेबल विमलेश सिंह जीतेन्द्र यादव मौके पर पहुंच गए। तीनो व्यक्ति पुलिस को देखते फरार होने की कोशिश करने लगे। लेकिन पुलिस ने ततपरता दिखाते हुए तीनो को दबोच लिया। पुलिस के पूछताछ करने पर तीनो ने अपना नाम आयुष राय पुत्र राजेश राय निवासी भदसा मानोपुर ,तुषार यादव पुत्र जय प्रकाश यादव निवासी सेंदुराईच और रवि कुमार पुत्र राजकुमार निवासी निबही थाना चिरैयाकोट बताया।

### रेलवे कॉलोनी से लापता हुई बच्ची का मिला शव

**मऊ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के रोडवेज स्थित रेलवे कॉलोनी से मंगलवार को एक साढे 3 वर्षीय बच्ची लापता हो गई। जिसका शव गुरुवार को रेलवे



क्वार्टर से लगभग ढाई सौ मीटर की दूरी पर एक पानी भरे गड्ढे में शव पाया गया। खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही अपने हमराहीयों के साथ मौके पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट तथा सीओ सिटी एवं फॉरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुट गई। अरविंद यादव गाजीपुर जनपद नोनहरा थाना क्षेत्र के प्रेम का पूरा (भदेव) गांव के निवासी हैं। वह मऊ जनपद में रेलवे में कीमैन पद पर तैनात हैं। बीते मंगलवार को अरविंद यादव की पुत्री नम्रता यादवअपने रेलवे क्वार्टर से कुछ खरीदने के लिए क्वार्टर से बाहर निकली थी। जब काफी देर बाद अपने कमरे में वापस नहीं आई तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन बच्ची का कहीं अता पता नहीं चला सका। थक हार कर अरविंद यादव ने नजदीकी थाने में बच्ची की गुम होने पर गुमशुदगी की तहरीर दिया गुमशुदा की तहरीर मिलते ही पुलिस हरकत में आई। गुरुवार को सुबह खबर मिली कि रेलवे कॉलोनी की बाउंड्री से सटे पानी भरे गड्ढे में बच्ची का शव उतराया हुआ है। जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को हुई तो सीओ सिटी धनंजय मिश्रा एवं सिटी मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह तथा फॉरेंसिक टीम अपने दल बल के साथ पहुंचकर बच्ची के शव को बाहर निकलवाया। बच्ची का शव देख परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल था।

### शहीदी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**मनियर,बलिया।** शहीदी दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को स्थानीय आदर्श नगर पंचायत में स्थित शिव मंदिर चंदूपाकड़ के प्रांगण में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। लोगों के द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को डॉ.जगदीश रावत अखण्ड ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों के सपनों के अनुरूप भारत का निर्माण अभी नहीं हो पाया है। गरीबी भुखमरी,बेरोजगारी,महंगाई अशिक्षा आदि जैसे अनेकों समस्याएं सुरसा की तरह मुंह बाए खड़ी है।शहीदों के जलाए हुए क्रांति के दीप को जलाए रखना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमरजीत मानवबंसी ने कहा कि देश में जाति एवं धर्म के नाम पर नफरत फैलाया जा रहा है, इस नफरत को मिटाना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवजी यादव ने कहा कि सही अर्थों में अभी भारत आजाद नहीं हो पाया है। स्वतंत्र भारत में भी हमें परतंत्र बनाया जा रहा है।

## दि कोटा ग्लोबल स्कूल बाघी में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन

# रंगबिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से मोह लिया सबका मन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दि कोटा ग्लोबल स्कूल बाघी में आयोजित वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह में पूर्व डीआईजी बलिकरन यादव व वरिष्ठ वकील रंजीत सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विजय मिश्र और मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व मुख्य वक्ता विजेन्द्र राय ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्रामीणांचल में दि कोटा ग्लोबल स्कूल एक मिसाल कायम किया, जो बाहर से अध्यापकों को




लेकर दिल्ली, कोटा व देहरादून जैसी शिक्षा प्रदान करवा रहे हैं। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विजय मिश्रा ने कहा कि गांव में जन्म लेकर भी अब जो बच्चे शहरों के बच्चों से मुकाबला कर रहे हैं। यहाँ बच्चे अच्छी पढ़ाई




करके डाक्टर, इंजीनियर और अधिकारी बन रहे हैं। पूर्व डीआईजी बलिकरन यादव ने कहा कि कोटा ग्लोबल स्कूल आने वाले वक्त में प्रदेश में नाम रोशन करेगा और यहाँ के बच्चे खेलकूद और संस्कार के साथ पढ़ाई में भी अव्वल होंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कोटा ग्लोबल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए भूरि -भूरि प्रसंशा की। कोटा ग्लोबल स्कूल के प्रबंधक सुजीत कुमार ने विद्यालय परिसर में पहुँचने पर सभी का माल्यापर्ण करके स्वागत किया। उधर स्कूल के बच्चों ने विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम से सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर पूर्व एमएलसी विजय यादव, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अरुण कुमार सिंह व अन्य उपस्थित रहें।